देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 326 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**रविवासरीय...**खुद को खुशकिस्मत मानते है सैफ



देहरादून, रविवार, 9 **फरवरी** 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 20.0° न्यूनतम 6.0°

41141.85

2 हाफिज सईद के खिलाफ फैसला टाला

7 लगातार तीसरी बार बोल्ड हुए विराट

## संक्षिप्त समाचार

### कार दुर्घटना में एसएसबी जवान सहित दो लोगों की मौत

**संवाददाता** देहरादून। पिथौरागढ़–तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सतगढ़ के पास कार दुर्घटना में एसएसबी जवान सहित दो लोगों की मौत हो गई। दोनों पांच फरवरी से लापता थे और शनिवार को चौथे दिन दोनों के शव खाई में बरामद हुई। कार के गहरी खाई में चले जाने से किसी को दुर्घटना का पता नहीं चल सका। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। बलुवाकोट निवासी एसएसबी में जवान संतोष कुमार (28) पुत्र विष्णु कुमार और महेंद्र कुमार (35) पुत्र पनी राम पांच फरवरी को कार (यूके 05सी–6961) से पिथौरागढ़ आए थे।

### धार्मिक जुलूस के दौरान पटाखा विस्फोट में 14 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
तरनतारन। पंजाब के तरनतारन जिले में शनिवार को धार्मिक जुलूस के दौरान पटाखा विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में 20 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की भी खबर है। बताया जा रहा है कि मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। पंजाब पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने बताया कि नगर कीर्तन के दौरान ये पटाखे एक ट्रैक्टर–ट्रॉली पर ले जाए जा रहे थे।

### मोहाली में तीन मंजिला इमारत ढही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मोहाली। पंजाब के मोहाली में शनिवार को इमारत की नींव में खुदाई के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के मुताबिक, तीन मंजिला इमारत ढह जाने से कई लोग मलबे में फंस गए। मलबे में से लोगों को ढूंढने और उन्हें बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अभी तक सिर्फ दो लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है। बता दें कि मोहाली में खरड़–लांदरां मार्ग पर शनिवार को तीन मंजिला इमारत की नींव में जेसीबी से खुदाई चल रही थी। इसी दौरान इमारत ढह गई।

# एग्जिट पोल्स में केजरीवाल की वापसी

■बीजेपी को तगड़ा झटका, पिछले चुनाव के मुकाबले प्रदर्शन में सुधार

## ज्यादातर सर्वे में आम आदमी पार्टी को 55 सीटें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2020 में कई न्यूज चैनलों और एजेंसियों की ओर से जारी किए गए एग्जिट पोल्स में फिर से अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाने का अनुमान जताया गया है। एग्जिट पोल्स की मानें तो दिल्ली में बड़ी आसानी से आम आदमी पार्टी की दोबारा पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनती दिख रही है। लगभग सभी एग्जिट पोल्स ने आम आदमी पार्टी को 55 या इससे ज्यादा सीटें जीतते दिखाया है। उधर, पिछले चुनाव के मुकाबले बीजेपी के प्रदर्शन में सुधार जरूर दिख रहा है, लेकिन बहुमत के



आंकड़े से उसके काफी पीछे रहने का अनुमान है। एग्जिट पोल्स के मुताबिक इस बार के भी चुनाव में कांग्रेस की सबसे ज्यादा दुर्गति होने वाली है। ज्यादातर एग्जिट पोल्स में कांग्रेस अधिकतम एक सीट पर सिमटती हुई दिख रही है।

**टाइम्स नाउ का एग्जिट पोलः** टाइम्स नाउ के एग्जिट पोल के मुताबिक दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती दिख रही है। इस एग्जिट पोल की मानें तो आप को 44 और बीजेपी को 26 सीटें मिलने का अनुमान है। वहीं, कांग्रेस का खाता खुलता हुआ भी नहीं दिख रहा है।

**न्यूज एक्स-नेटा का एग्जिट पोल**
न्यूज एक्स–नेटा के एग्जिट पोल के मुताबिक दिल्ली में आम आदमी पार्टी 70 में से 55 सीटें जीत सकती है। न्यूज एक्स के सर्वे में बीजेपी को 14 सीटें जीतने का अनुमान है। वहीं कांग्रेस के खाते में महज एक सीट जाने का अनुमान है।

**एबीपी न्यूज-सी वोटर**
एबीपी न्यूज–सी वोटर ने अपने सर्वे में आम आदमी पार्टी को सबसे ज्यादा 56 सीटें जीतने का अनुमान जताया है। इस सर्वे में बीजेपी को 12 और कांग्रेस को दो सीटें जीतने का अनुमान है। ज्यादातर सर्वे में आम आदमी पार्टी 55 सीटें जीतती हुई दिख रही है, जबकि एबीपी ने आप को एक सीट ज्यादा जीतने का अनुमान जताया है।

### मतदान की प्रक्रिया पूरी, 57 फीसदी वोटिंग

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए वोटिंग पूरी हो गई है। इन 70 सीटों के लिए 672 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 57 फीसदी मतदान की खबर है। बता दें कि इस चुनावी मुकाबले में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, बीजेपी और कांग्रेस के बीच टक्कर है।

### फेल होंगे सभी एग्जिट पोलः मनोज तिवारी

भाजपा दिल्ली प्रमुख मनोज तिवारी ने कहा, कुछ एग्जिट पोल दिखा रहे हैं कि भाजपा 26 सीटें जीतेगी, लेकिन मैं आपको बता दूं कि ये सभी एग्जिट पोल 11 फरवरी को फेल हो जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी 48 से अधिक सीटों के साथ दिल्ली में सरकार बना रही है।

**चुनाव को लेकर अमित शाह की बैठकः** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने रात 8.30 बजे पंडित पंत मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की बैठक बुलाई है। इस बैठक में विजय गोयल, प्रकाश जावडेकर, जैसे नेता मौजूद होंगे।

### जजों का लक्ष्य लोकप्रियता नहीं होताः सीजेआई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे ने शनिवार को कहा कि एक ऐसा व्यापक कानून बनाने के लिए यह सबसे सही समय है, जिसमें मुकदमे से पहले अनिवार्य मध्यस्थताश शामिल हो। उन्होंने कहा कि इस कानून से कार्यक्षमता सुनिश्चित होगी और पक्षकारों व अदालतों के लिए मामलों के लंबित होने का समय घटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जजों के लिए लोकप्रियता मरीचिका है। किसी भी जज का लक्ष्य लोकप्रियता नहीं होता। विचार यह होता है कि विवाद का हल हो।

सीजेआई ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय व्यापार, वाणिज्य और निवेश वाले वैश्विक आधारभूत ढांचे में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# प्रदेश में अब प्रमोशन का रास्ता साफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। प्रमोशन में आरक्षण के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद प्रदेश में अब प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्रदेश सरकार ने प्रमोशन पर रोक लगा रखी है। सुप्रीम फैसले के बाद अब प्रमोशन पर लगी रोक न सिर्फ हटेगी, बल्कि वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन का मार्ग भी खुल जाएगा।

प्रदेश के विभिन्न विभागों में हजारों की संख्या में पदोन्नति के मामले अटके हैं। प्रमोशन पर लगी रोक हटाने के लिए कर्मचारी संगठन भी आंदोलन कर रहे हैं।

## वरिष्ठता के आधार पर प्रमोशन का मार्ग भी खुलेगा

एक अप्रैल 2019 को ज्ञानचंद बनाम राज्य सरकार व अन्य के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद प्रदेश सरकार ने 11 सितंबर 2019 को प्रदेश के सभी विभागों व निगमों में प्रमोशन और डीपीसी के नतीजों पर रोक लगा दी थी।

आदेश जारी होने के बाद सभी विभागों, निगमों और बोर्डों में प्रमोशन पूरी तरह से लटक गए। इस बीच हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ आरक्षित और सामान्य वर्ग के कर्मचारियों के साथ प्रदेश सरकार भी सर्वोच्च न्यायालय में चली गई।

इधर, प्रमोशन पर लगी रोक बढ़ने से कर्मचारियों का दबाव संगठनों पर पड़ने लगा। उत्तराखंड अधिकारी कर्मचारी समन्वय मंच, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद और उत्तराखंड जनरल ओबीसी इंप्लाइज फेडरेशन ने आंदोलनात्मक तरीकों और मांग पत्रों के जरिये सरकार पर प्रमोशन से रोक हटाने को लेकर दबाव बनाया। उनकी चिंता थी कि प्रमोशन में रोक लगने के चलते कई अधिकारी कर्मचारी बगैर तरक्की सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### रोक हटाने का आदेश जारी करे प्रदेश सरकार

उत्तराखंड जनरल ओबीसी इंप्लाइज फेडरेशन ने सुप्रीम कोर्ट के अंतिम निर्णय के तहत प्रदेश सरकार से मांग की है कि वह बगैर आरक्षण तत्काल प्रभाव से प्रमोशन से रोक हटाने का आदेश जारी करे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट के जिस आदेश पर प्रमोशन पर रोक लगाई थी, उसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेशों को सुप्रीम कोर्ट की ओर से रद्द कर दिए जाने के बाद जनरल और ओबीसी कर्मचारियों के चेहरे खुशी से चमक उठे हैं।

# एम्स में महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऋषिकेश। ऋषिकेश एम्स अस्पताल में उत्तरकाशी की महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया है। डॉक्टरों का कहना है कि चारों बच्चे सुरक्षित हैं। एम्स ऋषिकेश के गाइनी डिपार्टमेंट में भर्ती उत्तरकाशी निवासी महिला ने आज चार बच्चों को जन्म दिया है। महिला को उत्तरकाशी जिला अस्पताल से दून अस्पताल रेफर किया गया था।

हाई रिस्क केस होने की वजह से महिला को बीते रविवार को एम्स रेफर किया गया था। गाइनी विभाग की डा. अनुपमा बहादुर के अनुसार महिला का हिमोग्लोबिन काफी कम था। टीएसएच 13 था।

# एलओसी पर भारी गोलाबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। बीते कई दिनों से जम्मू–कश्मीर में आतंकी साजिश की कोशिश कर रही पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को एक बार फिर एलओसी पर भारी गोलाबारी की है। पाकिस्तानी आर्मी ने शनिवार को पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में भारी गोलाबारी की है। पाकिस्तान की गोलाबारी के बाद भारतीय जवानों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई है। पाकिस्तान की ओर से नियंत्रण रेखा में सेना की पोस्टों को निशाना बनाने के बाद अब सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा और एलओसी से सटे फॉरवर्ड इलाकों में हाई अलर्ट घोषित किया है। मिली जानकारी के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने शनिवार दोपहर करीब पौने चार बजे पुंछ जिले के दिगवार सेक्टर में सीजफायर का उल्लंघन किया था। पाकिस्तान की ओर से यहां सेना की कुछ चौकियों और रिहाइशी इलाकों में गोलाबारी की गई थी। इस गोलाबारी के बाद भारतीय सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तानी गोलाबारी के बाद सीमा और एलओसी से सटे हिस्सों में अलर्ट घोषित किया गया है।

### उल्लंघन

जम्मू कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर

**सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया**
अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी की चपेट में आए सैनिक देगवार सेक्टर में एक अग्रिम चौकी में तैनात थे। इससे पूर्व, एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान ने अपराह्न लगभग 3.45 बजे संघर्षविराम का अकारण उल्लंघन करते हुए छोटे हथियारों से गोलीबारी की और मोर्टार दागे। प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया।

### एलओसी से सटे तमाम इलाकों में हो चुकी गोलाबारी

पाकिस्तान की ओर से हुई गोलाबारी में अब तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। बता दें कि पाकिस्तान की ओर से बीते कई दिनों से एलओसी से सटे तमाम इलाकों में भारी गोलाबारी की जा रही है। हाल की घटनाओं की बात करें तो पाकिस्तान ने बीते तीन महीनों में बांदीपोरा, कुपवाड़ा, पुंछ और राजौरी जिलों में कई बार भारी गोलाबारी की थी। अधिकारियों ने कहा कि जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सैनिकों को पहुंचे नुकसान के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in